-:प्रेस नोट:-

दिनांक- 24.01.2025

कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

- ❖ **मिशन शक्ति अभियान 5.O के तहत राष्ट्रीय बालिक दिवस के अवसर पर थाना कमासिन पुलिस द्वारा राजकीय बालिक इण्टर कॉलेज कमासिन की छात्राओं को थाना भ्रमण कराकर पुलिस के कार्यों के बारे में दी गई जानकारी ।**

विवरण- उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तीकरण के प्रति प्रतिबद्धता के साथ चलाए जा रहे मिशन शक्ति- 5.O अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक बांदा श्री अंकुर अग्रवाल के निर्देशन में आज दिनांक 24.01.2025 को राष्ट्रीय बालिक दिवस के अवसर पर थाना कमासिन पुलिस द्वारा राजकीय महिला इण्टर कॉलेज की छात्राओं को शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम के तहत थाना भ्रमण कराकर पुलिस के कार्यो के बारे में जानकारी दी गई । इस दौरान छात्राओं को थाना परिसर भ्रमण कराकर थाने पर महिला हेल्पडेस्क, साइबर हेल्प डेस्क, कम्प्यूटर कक्ष/एफआईआर पंजीकरण कक्ष, थाने के अपराध रजिस्टर, जनसुनवाई रजिस्टर, मिशन शक्ति/एन्टीरोमियो रजिस्टर सहित थाने के अन्य रजिस्टरों के बारे में जानकारी देकर उनके महत्व को बताया गया । साथ ही मिशन शक्ति अभियान के तहत शासन द्वारा उनकी सुरक्षा एवं सशक्तीकरण हेतु चलाए जा रहे विभिन्न योजनाओं तथा कार्यक्रमों व हेल्पलाइन नम्बरों के बारे में जानकारी दी गई व साइबर अपराध के तरीकों तथा उनसे बचाव के उपायों के बारे में जानकारी देकर उनको करियर संबंधी सुझाव भी दिये गये । छात्राओं को बताया गया कि वर्तमान में साइबर अपराध के मामले काफी तेजी से बढ़ रहे हैं ऐसे में इन अपराधों के तरीकों के बारे में जागरुकता एवं बचाव सबसे महत्वपूर्ण है छात्रों को बताया गया कि सोशल मीडिया पर व्यक्तिगत जानकारी साझा न करें साथ ही किसी अनजान वीडियो कॉल को न रिसीव करें । सोशल मीडिया एकाउंट्स पर टू-स्टेप वेरिफिकेशन अवश्य ऑन रखें । किसी भी प्रकार की साइबर अपराध होने पर अपने नजदीकी थाने के साइबर हेल्प डेस्क पर शिकायत करें या साइबर हेल्पलाइन नम्बर 1930 पर कॉल करें ।